आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 30.08.2024 समय: 2.10 PM

समाचार----

मध्यप्रदेश उत्सव

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज मध्यप्रदेश भवन, दिल्ली में आयोजित मध्यप्रदेश उत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की कला, संस्कृति, व्यंजन और पुरातत्व को दर्शाती प्रदर्शनी में लोक रंग की झलक देख प्रसन्नता हुई। डा यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश अद्भुत एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला राज्य है। मध्य प्रदेश उत्सव हमारे प्रदेश की इसी सांस्कृतिक समृद्धि से परिचय करा रहा है। वहीँ, हाल ही वायरल हुए थाणे में मारपीट के एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी के साथ अन्याय होता है या कोई अपने पद का दुरुपयोग कर के कानून का उल्लंघन करता है, तो सरकार उसके खिलाफ कार्रवाई करती है:

बाइट-मुख्यमंत्री

शिक्षा बैठक

शिक्षा मंत्रालय ने विद्यार्थियों के लिए बहुभाषावाद, स्कूलों में शिक्षा का माध्यम और स्थानीय भारतीय भाषाओं में पढ़ाने के महत्व पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की। यह बैठक वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ स्कूल शिक्षा विभाग और साक्षरता सचिव संजय कुमार की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। मंत्रालय ने बताया कि एक से अधिक भाषा की जानकारी पारस्परिक कौशल और ज्ञान को बढाती है। शिक्षा में मातृ भाषा के महत्व का उल्लेख करते हुए मंत्रालय

ने कहा कि बच्चे प्रमुख अवधारणाओं को अपनी मातृ भाषा में जल्द सीखते हैं।

रिजर्व बैंक चेतावनी

भारतीय रिजर्व बैंक - आरबीआई ने अपने नाम के दुरुपयोग से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। आरबीआई ने कहा कि जालसाज विभिन्न हथकंडे अपनाते हैं, जिनमें फर्जी लेटरहेड और ईमेल आरबीआई कर्मचारियों का रूप धारण करना और लॉटरी जीतने, फंड ट्रांसफर, विदेशी प्रेषण और सरकारी योजनाओं जैसे काल्पनिक प्रस्तावों के साथ व्यक्तियों को लुभाना शामिल है।

शी-बॉक्स पोर्टल का लोकार्पण

केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने महिला-बाल विकास विभाग की नये रूप से तैयार वेबसाइट और शी-बॉक्स पोर्टल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभी राज्यों के महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी वर्चुअली जुड़े थे। इसमें चेटबॉट भी दिया गया है। इसमें मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य आदि की लिंक भी दी गई है। शी-बॉक्स पोर्टल केन्द्र और राज्य के संगठित या असंगठित निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम कर रही महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न की शिकायत को दर्ज करने के लिये बनाया गया है। कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करने वाली कोई भी महिला इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकती है।

मूडीज- रेटिंग

न्यूयॉर्क की रेटिंग एजेंसी मूडीज ने वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में वृद्धि अनुमान का अनुमान बढ़ाकर 7 दशमलव दो प्रतिशत किया है। मूडीज ने पिछला अनुमान 6 दशमलव आठ प्रतिशत व्यक्त किया था।

'खेलो-बढ़ो' अभियान

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश में जल्द 'खेलो-बढ़ो' अभियान लाँच करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस अभियान की शुरूआत की जायेगी। श्री सारंग ने कहा कि हर गांव-शहर में खेल हो और खेल प्रतिभाएं आगे आये। इसके लिये हर पंचायत स्तर पर खेल संरचनाएं विकसित होगी। यही नहीं प्रयास होगा कि युवा उस खेल मैदान तक पहुंचे, इस दिशा में भी कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस टेलेन्ट सर्च से खिलाड़ियों की संख्या में लगभग दोगुना इजाफा होगा

समाचार संक्षेप में...

1. सतना एवं मैहर जिलों की वीर नारियों और पूर्व सैनिकों के परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए स्टेशन सेल जबलपुर द्वारा आउटरीच रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैन्य परिवार के 270 लोग शामिल हुए।

2. खण्डवा में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज तक कौशल विकास कैरियर परामर्श सप्ताह आयोजित किया गया है ।

3. सतना में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत आज आधारकार्ड, कल पशुपालन एवं डेयरी तथा 1 सितंबर को समग्र शिक्षा के विशेष शिविर आयोजित किये गये है।

4. निवाड़ी जिले में स्व सहायता समूह से जुड़कर पिपलिया रावजी के जीवन ज्योति स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती गुड्डी कुंवर चौहान प्रतिमाह तीस हजार की आमदनी प्राप्त कर आज लखपति दीदी के नाम से पहचानी जाने लगी है।

5. धार जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस पर बॉक्सिंग, कराते ,वॉलीबॉल, हॉकी, रस्साकसी आदि विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया।